इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा, बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है।

-सुभाष चन्द्र बोस

लखनऊ, शुक्रवार, 9 अगस्त 2024

वर्ष 16 अंक 333 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 33.0°C (-0.6) न्यूनतम 28.2°C(+2.5) सेंसेक्स 78,886.22 (-581.79) निफ्टी 24,117.00 (-180.50) सोना 69,420 चांदी 81,500 मुद्रा - डालर 83.98 दिरहम 22.86 रियाल 22.39

एराज़ लखनऊ मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल में डेंगू जागरूकता रैली

लखनऊ (सं)। एराज लखनऊ मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग की ओर से डेंगू जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत मच्छर जनित रोगों पर केंद्रित था। इसका उद्देश्य लोगों को डेंगू बुखार की रोकथाम के प्रति शिक्षित करना था।

रैली को प्राचार्य डॉ (प्रो.) जमाल मसुद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कम्युनिटी मेडिसिन की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभा श्रीवास्तव के साथ विभाग के अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का समंवयन कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सैयद आबिद असगर ने किया। इसमें फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह, एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी, माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता खरे, बायोकेमिस्ट्री विभाग से डॉ. बृजेश राठौड़, पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निरुपमा लाल और नर्सिंग संकाय की प्राचार्य प्रो. प्रिसिला सैमसन के साथ-साथ ईएलएमसीएच के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, नर्सिंग संकाय, जूनियर रेजिडेंट, इंटर्न और नर्सिंग छात्र शामिल हुए। यह रैली क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल थी। नर्सिंग छात्रों ने 2019 बैच के एमबीबीएस प्रशिक्षुओं के साथ मिलकर पर्चे बांटे और डेंगू वायरस के प्रसार से निपटने के लिए जागरूक किया। रैली एरा कैम्पस से शुरू होकर सरफराजगंज के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरी। इसका उद्देश्य लोगों को डेंगू जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। रैली की थीम समुदाय को डेंगू की रोकथाम के लिए ज्ञान और व्यावहारिक उपायों से सशक्त बनाना था। यह रैली एक स्वस्थ, डेंगू मुक्त लखनऊ की दिशा में एक कदम था।